No. of Printed Pages : 4 **बी.एच.डी.ई.-108 / ई.एच.डी.-8**

**स्नातक उपाधि कार्यक्रम**

**सत्रांत परीक्षा**

00884

**दिसम्बर, 2016**

# ऐच्छिक पाठ्यक्रम : हिन्दी

## बी.एच.डी.ई.-108 / ई.एच.डी.-8 : प्रयोजनमूलक हिन्दी

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

*नोट : खण्ड 'क' से दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए । खण्ड 'ख' से चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए । खण्ड 'ग' के **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

### खण्ड क

*निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए ।*

1. प्रयोजनमूलक भाषा और प्रयुक्ति की संकल्पना का विवेचन कीजिए । 20

2. राजभाषा-संबंधी संवैधानिक प्रावधानों की चर्चा कीजिए । 20

3. वैज्ञानिक और तकनीकी लेखन के स्वरूप पर प्रकाश डालिए । 20

4. शब्दावली के मानकीकरण से आप क्या समझते हैं ? स्पष्ट कीजिए । 20

## खण्ड ख

*निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 250 शब्दों में दीजिए ।*

**5.** भविष्य में जन-संचार की क्या संभावनाएँ हैं ? स्पष्ट कीजिए । *10*

**6.** संपादन (मुद्रित माध्यम) के तकनीकी पक्षों की चर्चा कीजिए । *10*

**7.** विधि के क्षेत्र में हिन्दी के स्वरूप और स्थिति की चर्चा कीजिए । *10*

**8.** वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दों का स्वरूप स्पष्ट कीजिए । *10*

**9.** सरकारी पत्र और अर्धसरकारी पत्र के प्रयोग-क्षेत्रों का उल्लेख कीजिए । *10*

**10.** टिप्पण-लेखन से आप क्या समझते हैं ? स्पष्ट कीजिए । *10*

**11.** राजभाषा और राष्ट्रभाषा के स्वरूप को समझाइए । *10*

**12.** प्रयोजनमूलक हिन्दी के विविध क्षेत्रों का परिचय दीजिए । *10*

## खण्ड ग

*इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

**13.** निम्नलिखित में से प्रत्येक का उत्तर लगभग 50 शब्दों में दीजिए : *5×2=10*

(क) मानकीकरण की प्रमुख विशेषताएँ बताइए ।

(ख) पारिभाषिक शब्दावली से क्या तात्पर्य है ?

(ग) सम्पर्क-भाषा किसे कहते हैं ?

(घ) मसौदा-लेखन-संबंधी महत्त्वपूर्ण हिदायतें क्या हैं ?

(ङ) वाणिज्य के क्षेत्र में हिन्दी के प्रयोग की क्या संभावनाएँ हैं ?

**14.** निम्नलिखित शब्दों के हिन्दी पर्याय बताइए : *5×1=5*

(a) Corporation

(b) Automatic

(c) Suspension

(d) Ordinance

(e) Notification

15. निम्नलिखित में से *सही* अथवा *ग़लत* कथन का उल्लेख कीजिए : $5 \times 1 = 5$

(क) मानकीकरण का एक उद्देश्य है भाषा में एकरूपता लाना ।

(ख) अंग्रेज़ी शब्दों के हिन्दी लिप्यंतरण में विविधता दिखाई देती है ।

(ग) प्रशासनिक कार्यों की भाषा वस्तुनिष्ठ होती है ।

(घ) हिन्दी का क्षेत्र पूरा भारत है ।

(ङ) औद्योगिक विकास ने हिन्दी के क्षेत्र का विस्तार किया है ।